1545 01-06-2021

**दिनांक– 31.05.2021 को निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना की अध्यक्षता में Zoom के माध्यम से शेखपुरा एवं सुपौल जिले के विशेष सर्वेक्षण कार्यों की समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही।**

दिनांक– 31.05.2021 को निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना द्वारा ऑनलाईन जूम के माध्यम से शेखपुरा एवं सुपौल में चल रहे विशेष सर्वेक्षण कार्यों की समीक्षा की गई। समीक्षात्मक बैठक में निदेशालय के पदाधिकारी, शेखपुरा के बन्दोबस्त पदाधिकारी, सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मुख्यालय), शिविर प्रभारी, कानूनगो तथा अमीन एवं सुपौल जिले के प्रभारी पदाधिकारी–सह–अपर समाहर्त्ता, स0ब0पदा0 (मु0), शिविर प्रभारी, कानूनगो तथा अमीन उपस्थित हुए। समीक्षा के मुख्य बिन्दु निम्नवत् हैः–

1. बन्दोबस्त कार्यालय, शेखपुरा की समीक्षा के क्रम में शेखपुरा बन्दोबस्त कार्यालय का माह–मई, 2021 का प्रगति प्रतिवेदन निम्नवत् पाया गयाः–

**Sheikhpura District Report - May 2021**

| Shivir Name | Total Mauza Count | Form - 1 | Total Khesra | Form - 2 & 3.1 (Software Entry) | Form - 2 & 3.1 (Software Entry) Achievement | Form - 5 (Software Entry) | Form - 5 (Software Entry) Achievement | Form - 6 (Software Entry) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ARIARI 01 | 23 | 23 | 27077 | 34173 | 100% | 27077 | 100% | 0 |
| ARIARI 02 | 22 | 22 | 33617 | 32428 | 100% | 33617 | 100% | 0 |
| ARIARI 03 | 23 | 23 | 20909 | 44056 | 100% | 20909 | 100% | 0 |
| BARBIGHA 01 | 21 | 21 | 25227 | 17895 | 100% | 25227 | 100% | 0 |
| BARBIGHA 02 | 21 | 21 | 12278 | 12278 | 100% | 12278 | 100% | 0 |
| BARBIGHA 03 | 21 | 21 | 35003 | 21066 | 100% | 35003 | 100% | 0 |
| CHEVADHA 01 | 20 | 20 | 28853 | 25530 | 100% | 26555 | 92% | 0 |
| CHEVADHA 02 | 19 | 19 | 30678 | 42328 | 100% | 30678 | 100% | 0 |
| Ghat Kusumbha 01 | 12 | 12 | 20873 | 16235 | 100% | 20873 | 100% | 841 |
| Ghat Kusumbha 02 | 12 | 12 | 12328 | 10800 | 100% | 9820 | 80% | 221 |
| SHEIKHPURA 01 | 24 | 24 | 28946 | 34389 | 100% | 28946 | 100% | 0 |
| SHEIKHPURA 02 | 22 | 22 | 18775 | 19744 | 100% | 18220 | 97% | 0 |
| SHEIKHPURA 03 | 22 | 22 | 31797 | 24553 | 100% | 31797 | 100% | 0 |
| SHEIKHPURA 04 | 22 | 22 | 35080 | 40989 | 100% | 35080 | 100% | 0 |
| Shekhopur Sarai 01 | 30 | 30 | 49484 | 41610 | 100% | 49484 | 100% | 0 |
| **Grand Total** | **314** | **314** | **410925** | **418074** | **100%** | **405564** | **98%** | **1062** |

प्रगति प्रतिवेदन समीक्षा से स्पष्ट है कि शेखपुरा जिले के मात्र–2 शिविर–घाटकुसुम्भा–1 एवं घाटकुसुम्भा–2 में प्रपत्र–6 का सॉफ्टवेयर में संधारित करने का कार्य किया गया है, जबकि अन्य किसी भी अंचल के किसी भी शिविर द्वारा प्रपत्र–6 की सॉफ्टवेयर में प्रविष्टि नहीं की गई है।

प्रपत्र–1 एवं 2 की प्रविष्टि का कार्य जिले के सभी शिविरों द्वारा पूर्ण कर लिया गया है, जबकि प्रपत्र–5 की प्रविष्टि 98 प्रतिशत है। बैठक में निदेशक महोदय द्वारा स्मारित किया गया कि शेखपुरा जिले में घाटकुसुम्भा अंचल सर्वेक्षण के दृष्टिकोण से प्राथमिकता की सूची में है और इस

अंचल में वर्ष—2019 के अंत में विशेष सर्वेक्षण का कार्य प्रारंभ कर दिया गया था। गत् वर्ष—2020 के जुलाई—अगस्त माह में शेखपुरा जिले में विशेष सर्वेक्षण कर्मियों की पदस्थापना भी की गई। घाटकुसुम्भा अंचल का कार्य प्राथमिकता के आधार पर त्वरित गति से पूरा करने के उद्देश्य से अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, निदेशक, भू—अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के तकनीकी दल द्वारा बार—बार घाटकुसुम्भा का भ्रमण भी किया गया। विशेष सर्वेक्षण कार्य में प्रपत्र—6 (खेसरा पंजी) का संधारण सर्वे का प्रथम महत्त्वपूर्ण चरण है।

बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त नियमावली, 2012 के प्रावधानों के अनुसार 01 ग्राम के विशेष सर्वेक्षण कार्य को पूर्ण की समय—सीमा लगभग 01 वर्ष है। भू—धारितयों से स्वघोषणा एवं किस्तवार का कार्य अधिकतम 75 दिनों में पूर्ण होना है तथा इनके आधार पर प्रपत्र—6 तैयार कर रैयतों को खानापुरी पर्चा निर्गत कर उनसे 15 दिनों में आपत्ति प्राप्त करनी है। इस परिप्रेक्ष्य में विगत नौ माह में शेखपुरा जिला अन्तर्गत मात्र घाटकुसुम्भा के कुल तीन शिविरों द्वारा मात्र 1062 की प्रविष्टि प्रपत्र—6 में की गई है। इस सम्बन्ध में बन्दोबस्त पदाधिकारी से पृच्छा करने पर उनके द्वारा निम्नाकिंत बिन्दु स्पष्ट किए गएः—

i. विशेष सर्वेक्षण शिविरों के भ्रमण के क्रम में सभी शिविर प्रभारी विशेषतः घाटकुसुम्भा शिविर संख्या—02 के प्रभारी अपने शिविर में उपस्थित नहीं पाए जाते हैं।
ii. शिविर प्रभारी, विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारियों का अपने अधीनस्थ कर्मियों यथा अमीन, शिविर प्रभारियों को उनके अधीनस्थ कर्मियों के सम्बन्ध में यह स्पष्ट सूचना नहीं रहती है कि वे किस तिथि को कहाँ थे और उनके द्वारा क्या कार्य किया जा रहा था।
iii. शिविर प्रभारियों को विशेष सर्वेक्षण कार्य की पूर्ण जानकारी नहीं है। अमीनों की याद्दाश्त पंजी संधारण एवं रैयतों के स्वामित्व निर्धारण के सम्बन्ध में शिविर प्रभारियों की जानकारी स्पष्ट नहीं है।
iv. विगत् जनवरी माह में निरंतर समीक्षा के बावजूद शिविर स्तर पर विशेष सर्वेक्षण कार्यों में अपेक्षित प्रगति नहीं हो रही है। प्रगति के सम्बन्ध में कर्मियों के स्पष्टीकरण पूछे जाने पर उनके द्वारा स्पष्ट उत्तर नहीं दिया जाता है।

समीक्षा के क्रम में बन्दोबस्त पदाधिकारी द्वारा उठाए गए बिन्दुओं के संदर्भ में घाटकुसुम्भा, शिविर संख्या—2 के शिविर प्रभारी से पृच्छा करने पर शिविर प्रभारी द्वारा बताया गया कि प्रपत्र—6 को सॉफ्टवेयर में संधारित करने में तकनीकी कठिनाई आ रही है, उनके द्वारा बताया गया कि किसी रैयत के चार भाई होने पर अंश बराबर करने के बाद प्रत्येक हिस्सेदार के अंश की भूमि स्पष्ट नहीं होती है। इस सम्बन्ध में निदेशालय के आई0टी0 सेल एवं तकनीकी शाखा द्वारा बताया गया कि इस सम्बन्ध में प्रशिक्षण के क्रम में कई बार स्पष्ट किया जा चुका है। साथ ही शिविर प्रभारी द्वारा अलग से कोई पृच्छा नहीं की गई है। इससे स्पष्ट हुआ कि घाटकुसुम्भा, शिविर के प्रभारी द्वारा भ्रामक जानकारी देकर कार्य में अनावश्यक विलंब किया जा रहा है। बन्दोबस्त पदाधिकारी द्वारा पूछे गए स्पष्टीकरण एवं याद्दाश्त पंजी के सम्बन्ध में भी घाटकुसुम्भा शिविर के प्रभारी द्वारा संतोषजनक उत्तर नहीं दिया गया। उपर्युक्त समीक्षा से बिल्कुल स्पष्ट है कि घाटकुसुम्भा, शिविर—2 के प्रभारी द्वारा अपने कार्यों में बिल्कुल अभिरूचित नहीं ली जा रही है एवं उनकी कार्य प्रगति भी अत्यन्त असंतोषजनक है।

बन्दोबस्त पदाधिकारी, शेखपुरा द्वारा बैठक में उठाए गए निम्न बिन्दुओं एवं विगत 09 महीनों में हुई कार्य प्रगति को देखते हुए बन्दोबस्त पदाधिकारी को निदेशित किया गया कि आगामी आदेश तक सभी शिविर प्रभारी, विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी एवं कानूनगो का वेतन स्थगित रखा जाए। बन्दोबस्त पदाधिकारी, शेखपुरा को निदेशित किया गया कि शेखपुरा में प्रपत्र–6 की सॉफ्टवेयर में प्रविष्टि का कार्य अत्यन्त असंतोषजनक है। ग्रामों के संधारित खेसरा पंजी प्रविष्टियों को सॉफ्टवेयर में प्रविष्टि का कार्य 15 जून तक निश्चित रूप से पूरा कर लिया जाए।

2. **<u>बन्दोबस्त कार्यालय, सुपौल की समीक्षाः</u>**– सुपौल जिला अन्तर्गत किए गए विशेष सर्वेक्षण का प्रगति प्रतिवेदन निम्नवत् पाया गया–

सुपौल जिला अन्तर्गत किए गए विशेष सर्वेक्षण का प्रगति प्रतिवेदन निम्नवत पाया गयाः–

**Supaul District Report - May 2021**

| Shivir Name | Total Mauza Count | Form - 1 | Total Khatiyan | Form - 2 & 3.1 (Software Entry) | Form - 2 & 3.1 (Software Entry) Achievement | Form - 5 (Software Entry) | Form - 5 (Software Entry) Achievement | Form - 6 (Software Entry) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| CHHATAPUR 01 | 22 | 22 | 15484 | 11232 | 100% | 15484 | 100% | 0 |
| CHHATAPUR 02 | 22 | 22 | 21464 | 12307 | 100% | 21162 | 99% | 0 |
| CHHATAPUR 03 | 21 | 21 | 25811 | 17812 | 100% | 24937 | 97% | 0 |
| PIPRA 01 | 18 | 18 | 63505 | 31167 | 100% | 63505 | 100% | 4789 |
| PIPRA 02 | 21 | 21 | 46847 | 19296 | 100% | 44318 | 95% | 5333 |
| PRATAPGANJ 01 | 13 | 13 | 28319 | 14591 | 100% | 26979 | 95% | 0 |
| SUPAUL 01 | 24 | 24 | 49046 | 35271 | 100% | 49046 | 100% | 0 |
| SUPAUL 02 | 23 | 23 | 32112 | 12001 | 100% | 32011 | 100% | 0 |
| SUPAUL 03 | 24 | 24 | 61603 | 15334 | 100% | 61603 | 100% | 0 |
| TRIBENIGANJ 02 | 22 | 22 | 58331 | 19742 | 100% | 55031 | 94% | 0 |
| TRIBENIGANJ 03 | 20 | 20 | 17046 | 13602 | 100% | 16256 | 95% | 0 |
| TRIVENIGANJ 01 | 22 | 22 | 34771 | 11764 | 100% | 33697 | 97% | 0 |
| **Grand Total** | **252** | **252** | **454339** | **214119** | **100%** | **444029** | **98%** | **10122** |

प्रगति प्रतिवेदन की समीक्षा से स्पष्ट है कि सुपौल जिले के मात्र पिपरा अंचल के दो शिविरों द्वारा प्रपत्र–6 में कुल 10122 प्रविष्टि की गई है एवं अन्य अंचलों के शिविर द्वारा प्रपत्र–1 एवं 2 की प्रविष्टि का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, जबकि प्रपत्र–5 में 98 प्रतिशत प्रविष्टि की गई है।

पिपरा–1 के शिविर प्रभारी द्वारा बताया गया कि कुल 18 ग्रामों में कुल 118154 प्रविष्टियों को सॉफ्टवेयर में संधारित किया जाना है। जिसमें मई माह के MIS प्रतिवेदन के अनुसार 4789 प्रविष्टियों को प्रपत्र–6 में अपलोड किया गया है।

पिपरा–2 में शिविर प्रभारी द्वारा बताया गया कि शिविर के कुल 21 ग्रामों में से 8 ग्राम का खानापुरी पूर्ण कर लिया गया है एवं 02 ग्रामों का एजेंसी द्वारा अपडेटेड मानचित्र भी समर्पित किया गया हैं। एक ग्राम लक्ष्मणदास चकला में कुल 983 प्रविष्टियों में कुछ को छोड़कर शेष सभी को सॉफ्टवेयर में संधारण कर दिया गया है एवं MIS प्रतिवेदन के अनुसार प्रपत्र–6 के सॉफ्टवेयर में 5333 इन्ट्री की गई है।

निदेशक द्वारा प्रभारी पदाधिकारी, सुपौल को स्मारित किया गया कि वर्ष–2019 में प्राथमिकता के आधार पर पिपरा अंचल में विशेष सर्वेक्षण कार्य प्रारंभ किया गया था। विशेष सर्वेक्षण कर्मियों की नियुक्ति के पूर्व वर्ष– 2019–20 में पिपरा अंचल में विशेष सर्वेक्षण का कार्य किया गया था। नवनियुक्त विशेष सर्वेक्षण कर्मियों की पदस्थापना के पश्चात् अगस्त–सितम्बर, 2020 से पुनः कार्य प्रारंभ किया गया। वर्ष–2019–20 में हुए कार्य एवं विगत् नौ माह की कार्य–अवधि समाप्त हो जाने के पश्चात् भी एक ग्राम के प्रपत्र–6 के सॉफ्टवेयर में संधारण का कार्य नहीं हो पाना अत्यन्त दुर्भाग्यपूर्ण है। प्रभारी पदाधिकारी एवं स0ब0पदा0(मु0) को निदेशित किया गया कि दिसंबर, 2020 से अप्रैल, 2021 तक के कार्य प्रगति की सघन समीक्षा कर वैसे कर्मियों को चिन्हित किया जाए, जिनका कार्य प्रगति प्रतिवेदन लगभ शुन्य हैं और ऐसे कर्मियों के विरूद्ध आरोप गठित कर आरोप–पत्र बन्दोबस्त पदाधिकारी के माध्यम से निदेशालय को उपलब्ध कराया जाए।

(जय सिंह)
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांकः**01/भू0अ0नि0(3) विविध–(सर्वे0 एवं प्रशि0 बैठकों की(कार्य0)–08/2021 1545 **पटना, दिनांक :–** 01-06-2021

**प्रतिलिपिः–** बन्दोबस्त पदाधिकारी, शेखपुरा एवं सुपौल को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**निदेशक**

**ज्ञापांकः**01/भू0अ0नि0(3) विविध–(सर्वे0 एवं प्रशि0 बैठकों की(कार्य0)–08/2021 1545 **पटना, दिनांक :–** 01-06-2021

**प्रतिलिपिः–** प्रशाखा पदाधिकारी, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**निदेशक**

**ज्ञापांकः**01/भू0अ0नि0(3) विविध–(सर्वे0 एवं प्रशि0 बैठकों की(कार्य0)–08/2021 1545 **पटना, दिनांक :–** 01-06-2021

**प्रतिलिपिः–** तकनीकी शाखा/प्रभारी, आई0टी0सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**निदेशक**

**ज्ञापांकः 01**/भू0अ0नि0(3) विविध–(सर्वे0 एवं प्रशि0 बैठकों की(कार्य0)–08/2021 1545 **पटना, दिनांक :–** 01-06-2021

**प्रतिलिपिः–**अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

**निदेशक**